निदेशालय समाज कल्याण, उत्तराखण्ड,

मानपुर पूरब, रामपुर रोड, हल्द्वानी (नैनीताल)।

Phone : 05946-297051 Fax- 05946-297050 E-mail- directorsocialwelfare@gmail.com
Website- www.socialwelfare.uk.gov.in

पत्रांक 3511 / स0क0 / प्र.मं.आ.ग्रा.यो. / 2019–20 दिनांक 16 जनवरी, 2020

कोटेशन– सूचना

भारत सरकार द्वारा प्रायोजित प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (PMAGY) के कियान्वयन हेतु उत्तराखण्ड राज्य के प्रथम चरण में 121 ग्राम तथा द्वितीय चरण में 70 ग्राम, कुल 121 चयनित किये गये हैं। इन ग्रामों में अनुसूचित जाति की जनसंख्या 50 प्रतिशत से अधिक है। इस योजना में जनपदों के अन्तर्गत चयनित ग्रामों में वर्तमान में आवश्यकतापरक मूल्यांकन हेतु ग्राम सम्बन्धी आंकडे, अभिज्ञात आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अवसंरचना विकास एवं कार्य योजना हेतु ग्राम स्तरीय आंकड़े तथा लाभार्थी उन्मुन्खी पहलों के लिये परिवार स्तरीय आंकड़े एकत्रित किये जाने हेतु निर्धारित प्रारूपों पर सर्वे का कार्य चल रहा है। इस हेतु विभिन्न सर्वे टीम व जनपद स्तरीय टीम को सर्वे हेतु तकनीकी सहायता, सर्वे फार्मों को MIS पोर्टल पर अपलोड करने का कार्य, सर्वे फार्म के अनुसार प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम विकास योजना (VDP) का निर्माण किया जाना है। इस सम्बन्ध में ग्राम एवं जनपद व निदेशालय स्तरीय टीमों को निरन्तर तकनीकी और विशेषज्ञ सहयोग, MIS पोर्टल पर अपलोड करने (डाटा इन्ट्री) तथा ग्राम विकास योजना (VDP) निर्माण हेतु योग्य अनुभवी संस्थाओं से प्रति जनपद दरें **दिनांक 18.01.2020** तक निदेशालय में आमंत्रित की जाती हैं। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में कार्य कर चुकी संस्थाओं को वरीयता दी जायेगी। यह दरें जनपदवार होंगी। चयनित संस्था द्वारा इस हेतु जनपद स्तर पर उपरोक्त कार्य को सम्बन्धित जनपदों में जाकर किया जाना होगा।

निदेशक।